
## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सत्ता में आए तो बेरोजगारी और पलायन रोकने पर होगा फोकस

पदयात्रा

## विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह से तैयार

संवाददाता

ऋषिकेश। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि 21 साल पहले उत्तराखंड के साथ दो और राज्यों का गठन हुआ था। पर, अगर तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो उत्तराखंड तीनों राज्यों में हर लिहाज से आगे नजर आता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सरकारों ने राज्य के विकास में शिथिलता बरती, जिसके परिणाम स्वरूप आज बेरोजगारी और पलायन की समस्या बढ़ी है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रदेश में सरकार बनाएगी और आने वाले पांच साल बेरोजगारी और पलायन को रोकने के लिए समर्पित करेगी।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल राज्यव्यापी पदयात्रा के तहत मंगलवार को ऋषिकेश पहुंचे। यहां रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन




में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य स्थापना की वर्षगांठ पर उन्होंने आंदोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह पदयात्रा प्रदेश के नागरिकों के बीच जाकर राज्य के उन शहीद आंदोलनकारियों को याद करने के लिए है, जिनके बलिदान से आज हम पृथक उत्तराखंड का सपना साकार हो पाया है।

गोदियाल ने कहा कि 21 वर्षों के इस सफर में उत्तराखंड ने बहुत कुछ हासिल किया है। कांग्रेस के शासनकाल में प्रदेश में 90 प्रतिशत सरकारी सेवायोजन हुए हैं। नौजवानों को रोजगार देने और पलायन रोकने के लिए सिडकुल की स्थापना कांग्रेस के शासनकाल में हुई। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सरकारों ने प्रदेश में विकास की गति को बाधित करने का काम किया। मगर, आने वाला वक्त कांग्रेसका है। कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। आने वाले पांच वर्ष प्रदेश के विकास के लिए समर्पित होंगे, जिसमें खास तौर पर रोजगार सृजन और पलायन को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उनका ये भी कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने कार्यकाल में उत्तराखंड के पारंपरिक उत्पादों को पहचान दिलाने और इसके जरिए रोजगार सृजित करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है। हमारा होमवर्क पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग जिस दिन चाहे चुनाव की घोषणा करें, कांग्रेस पूरी तरह से चुनाव मैदान में उतरने को तैयार है।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रीय राजमार्ग की दुर्दशा पर हरीश रावत ने गोरापड़ाव में रखा मौन व्रत

**संवाददाता** लालकुआं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने लालकुआं से काठगोदाम तक राष्ट्रीय राजमार्ग की हो रही दुर्दशा के खिलाफ कांग्रेसियों के साथ गोरापड़ाव में मौन उपवास रखकर धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्होंने हल्दूचौड़ में पैदल मार्च कर शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जबकि बिन्दुखत्ता में आपदा पीड़ितों का दर्द जाना। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत कांग्रेसी नेताओं व समर्थकों के साथ गोरापड़ाव पहुंचे। जहां पर उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग रुद्रपुर टू काठगोदाम की दुर्दशा पर मौन उपवास रखा। जिसके बाद वह हल्दूचौड़ पहुंचे। और कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा व कांग्रेस के शासनकाल में स्वीकृत अस्पताल का निर्माण पूरा नही होने के विरोध में हल्दूचौड़ चौराहे से डूंगरपुर शहीद स्मारक तक पैदल मार्च किया।

### थानों स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण न होने पर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन शुरु

**संवाददाता** डोईवाला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थानों के उच्चीकरण न होने पर 26 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने थानों स्थित शहीद स्मारक पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। ग्रामीण पिछले पांच वर्षों से लगातार ज्ञापन और सरकार के प्रतिनिधियों से मिलकर इस अस्पताल के उच्चीरण की मांग करते रहे है। लेकिन 82 वर्षों से स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थानों की सुध किसी ने नहीं ली। इसी को लेकर ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। समिति की अध्यक्ष मुन्नी बहुगुणा ने कहा की 82 वर्ष अस्पताल की स्थापना को हो गए है। इसके बावजूद भी आज तक अस्पताल की सुध सरकार ने नहीं ली।

### रिलायंस निप्पॉन जीवन बीमा की 'निश्चित समृद्धि' योजना प्रारंभ

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनी रिलायंस निप्पॉन जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड ने अपनी नई योजना (लांच) की घोषणा की है, रिलायंस निप्पॉन जीवन निश्चित समृद्धि, गैर लिंक्ड, गैर भागीदारी की निजी बचत जीवन बीमा योजना है जो सर्वश्रेष्ठ, कर मुक्त और ग्यारंटेड रिटर्न्स देती है। यह योजना बचपन से लेकर सेवानिवृत्ति तक के जीवन के विभिन्न चरणों का समाधान है, यह अपने उपभोक्ताओं को निवेश का लचीलापन और दो विकल्पों– आय का विकल्प और अक्षय निधि में से एक के चयन का विकल्प देती है। व्यक्ति अपनी वित्तीय आवश्यकताओं और लक्ष्यों के आधार पर अपने लिए सर्वोत्तम विकल्प चुन सकता है। इसके साथ ही उन्हें परिपक्वता पर गारंटीड एकमुश्त लाभ भी मिलेगा।

## अल्मोड़ा के सल्ट थाने को मिला राज्य के सर्वश्रेष्ठ थाने का अवार्ड

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने प्रदान किया सम्मान

**संवाददाता**

रानीखेत (अल्मोड़ा)। अल्मोड़ा के सल्ट थाने को इस वर्ष राज्य के उत्कृष्ट पुलिस स्टेशन का अवार्ड दिया गया है। राज्य स्थापना दिवस पर देहरादून में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने यह सम्मान प्रदान किया। प्रदेश के करीब 158 थानों में से सर्व तथा एसएसपी पंकज भट्ट की अगुआई में नशामुक्त पहाड़ की थीम पर मादक पदार्थों की तस्करी व इसमें लिप्त सौदागरों पर नकेल कसने के साथ ही अपराध नियंत्रण तथा रिकॉर्ड दुरुस्त रखने आदि के लिए सल्ट थाने ने यह उपलब्धि हासिल की है। केंद्र की भांति प्रदेश सरकार भी प्रत्येक वर्ष राज्य स्थापना दिवस पर बेस्ट थाने का अवार्ड घोषित करती आ रही है। इसी के तहत पहाड़ में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश, आपराधिक घटनाओं के खुलासे आदि मानकों पर इस बार सल्ट थाना खरा उतरा है। पुलिस मुख्याल स्तर की चयन समिति की ओर से इसकी घोषणा के बाद राज्य स्थापना दिवस पर देहरादून में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने बेस्ट पुलिस स्टेशन अवार्ड के तौर पर एसओ सुशील कुमार को ट्रॉफी प्रदान की गई। कप्तान पंकज ने जिले के अन्य थाना प्रभारियों का भी हौसला बढ़ाते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।



## सरकार के खिलाफ सड़कों में उतरी कांग्रेस, रैली निकाल किया प्रदर्शन

**संवाददाता** कोटद्वार। बेरोजगारी, महंगाई सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जनाक्रोश रेली निकाल प्रदर्शन किया। कार्यकर्त्ताओं ने शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए तहसील परिसर तक जनाक्रोश रैली भी निकाली। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यकर्ताओं ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर प्रदेश स्तरीय आंदोलन की चेतावनी दी है। देवीरोड, गोखले मार्ग, झंडाचौक बदरीनाथ मार्ग होते हुए रैली तहसील परिसर में पहुंची। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने सरकार के पौने पांच साल के कार्यकाल को घोर निराशाजनक बताया। कहा कि चुनाव नजदीक आने वाले हैं, लेकिन भाजपा अपने कार्यकाल में विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगा पाई है।

# कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद के खिलाफ याचिका पर हुई सुनवाई

याचिकाकर्ता से कोर्ट ने मांगा शपथपत्र, अगली सुनवाई 23 नवम्बर की तिथि नियत की है

**संवाददाता** नैनीताल। उच्च न्यायालय ने महाविद्यालय सभा ज्वालापुर हरिद्वार प्रबंधन समिति से निष्कासित मंत्री व सरकार में कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मामले को सुनने के बाद याचिकाकर्ता से 23 नवम्बर तक प्रति शपथपत्र पेश करने को कहा है, तब तक कोर्ट ने स्थगन आदेश को आगे बढ़ा दिया है। अगली सुनवाई 23 नवम्बर की तिथि नियत की है।

मंगलवार को न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में मामले की सुनवाई हुई। दरअसल, महाविद्यालय सभा ज्वालापुर हरिद्वार ने याचिका दायर कर



कहा है कि महासभा कई स्कूल व कालेज का संचालन करती है।

इसके प्रबंधन समिति में स्वामी यतीश्वरानंद मंत्री थे। उन्हें 2018 में प्रबंधन समिति द्वारा हटा दिया गया था। इस आदेश को यतीश्वरानंद ने याचिका दायर कर चुनौती दी थी, जिसे उच्च न्यायलय ने खारिज कर दिया था। आरोप लगाया कि यतीश्वरानंद ने 31 अगस्त 2021 को डिप्टी रजिस्ट्रार कॉपरेटिव सोयायटी के ऊपर दबाव डालकर महासभा के द्वारा बर्खास्तगी के आदेश को फिर से बहाल करा लिया। डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश को महासभा द्वारा चुनोती दी गयी।

डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश पर कोर्ट ने पूर्व में ही रोक लगा रखी है। इसके बाद भी यतीश्वरनाद ने अपने को महासभा के मंत्री होने का प्रचार प्रसार कर रहे है। इसी मामले में कोर्ट के आदेश का अनुपालन नही करने पर मंत्री के खिलाफ अवमानना याचिका भी विचाराधीन है। जिस पर सुनवाई 16 नवम्बर को होनी है।

### राज्य स्थापना दिवस पर आप ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध

**संवाददाता** नैनीताल। प्रदेश की 21वीं वर्षगांठ के दौरान में आम आदमी पार्टी ने भाजपा और कांग्रेस दोनों ही सरकारों से सवाल किए हैं। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और भाजपा सरकार से 21 वर्षों का हिसाब किताब मांगा। उन्होंने एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर विरोध भी प्रदर्शित किया। मंगलवार को आम आदमी पार्टी नगर अध्यक्ष शाकिर अली के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता मल्लीताल पंत पार्क में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने हाथों में पंपलेट और पोस्टर लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज उत्तराखंड 21वी वर्षगांठ मना रहा है। मगर भाजपा और कांग्रेस सरकार ने बारी–बारी से प्रदेश को लूटने का कार्य किया है। जिस संकल्पना को लेकर प्रदेश के लोगों ने शहादत दी थी। वह 21 वर्ष गुजर जाने के बाद भी कहीं नजर नहीं आती। प्रदेश में स्वास्थ्य शिक्षा बदहाल स्थिति में है। 21 वर्षों में सरकारों और मंत्रियों ने सिर्फ अपने ही हित साधे हैं।